Title: Need to provide financial assistance to the Government of Uttar Pradesh to solve acute drinking water problem in Etawah Parliamentary Constituency -Laid.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा): अध्यक्ष महोदय, सदन के माध्यम से माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र इटावा, उत्तर प्रदेश के मूलभूत समस्या की ओर आकृट करते हुए कहना है कि इटावा, औरैया जिले जहां भूमिगत जलस्तर काफी नीचे चला गया है, सिंचाई एवं पेयजल की समस्याओं ने ि वकराल रूपधारण कर लिया है। आम जनता साधन जुटाने में असमर्थ है, जिससे आम जनता की जीविका प्रभावित हो रही है।

अस्तु माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि समस्या के समाधान हेतु हमारे संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलों में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या के निदान के लिए हैंडपम्प एवं नलकूपों की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त धन के पैकेज सुनिश्चत करने की कृपा करें, जिससे इस क्षेत्र में रह रहे निवासियों को राहत मिले।